प्रेस विज्ञप्ति

सडक दुर्घनाओ की रोकथाम बाबत् राष्ट्रीय राजमार्गो पर जागरूकता कार्यक्रम

दिनांकः-28.01.2023

श्रीमान अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस यातायात, राजस्थान जयपुर के आदेश की पालना में श्री विनीत कुमार बंसल पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं यातायात जोधपुर, श्री चैनसिंह महेचा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात जोधपुर के सुपरविजन में श्री अनिल कुमार सहायक पुलिस आयुक्त यातायात पश्चिम, श्री शिवनारायण सहायक पुलिस आयुक्त यातायात पूर्व, श्रीमती अंशु जैन सहायक पुलिस आयुक्त यातायात प्रशासन जोधपुर के संयुक्त नेतुत्व में आज दिनांक 28.01.2023 को जोधपुर से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गो पर स्थित बसे गांव झालामण्ड, खेजड़ली बाईपास गोरा होटल चौराहा तथा गांव उचियारड़ा में संबंधित क्षेत्राधिकार पुलिस थानों से समन्वय स्थापित कर यातायात शिक्षा प्रभारी श्री हनुमानसिह हैकानि 1201 मय टीम द्वारा यातायात शिक्षा मोबाईल वैन के माध्यम से यातायात नियमों की पीपीटी तथा हेलमेट लघु फिल्म दिखाकर यातायात नियमों की विस्तार से जानकारी दी। गांव झालामण्ड व गोरा होटल चौराहा पर कार्यक्रम के दौरान श्री अचलाराम सहायक उप निरीक्षक थाना कुड़ी तथा गांव उचियारड़ा में कार्यक्रम के दौरान भंवराराम सहायक उप निरीक्षक मय टीम थाना एयरपोर्ट के उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-112 पर स्थित तीनों कार्यक्रमों के दौरान ग्रामीणजनों को सडक दुर्घटनाओं में मृत्यु के प्रमुख कारणों में पालतू/आवारा पशुओं के सड़क पर आने के कारण होने वाली दुर्घटना से मालिकों को इस सम्वन्ध मे विशेष जानकारी दी गई। सडक दुर्घटनाओं मे कमी लाने हेतु पालतु पशु मलिकों व ग्रामीण आमजन को पशुओ को सडकों पर से हटाने के आवश्यक उपाय करने बाबत समझाईस के साथ पशुओं के सीगों पर लगाने के लिए रिफलेक्टर प्रदान किए।

आमजनों को सडक पर चढते व उतरते समय व सडक को पार करते समय रखी जाने वाली सावधानियों तथा गलत दिशा में वाहन नही चलाने व आईएसआई मार्के के हैलमैट का प्रयोग करने व इसकी उपयोगिता के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की त्वरित मदद करने वाले गुड सेमेरिटन (अच्छे मददगार) के प्रोत्साहन हेतु ''मुख्यमंत्री चिरंजीवी जीवन रक्षा योजना'' के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

(चैनसिंह महेचा)

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त
यातायात, आयुक्तालय जोधपुर

ASHAPURNA
J19GH4035

पुलिस चौकी

पुलिस चौकी

पुलिस चौकी
यातायात शिक्षा एवं
जोधपुर

ASHAPURNA
HERITAGE

यातायात शिक्षा एवं
जन जागरुकता कार्यक्रम
क्लोथ स्टोर